दुर्घटना | राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर तेज रफ्तार का कहर, दोनों को बड़े अस्पताल किया गया रेफर

# रेलिंग से टकराई बाइक, दो युवक गंभीर घायल



**अनूपपुर, नवभारत 18 अप्रैल।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे लगी लोहे की रेलिंग से टकरा गई। इस दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना फुनगा चौकी क्षेत्र के ग्राम कदमटोला के पास की है। घायलों की पहचान अरुण केवट और आकाश केवट के रूप में हुई है। हादसे में आकाश केवट का एक पैर टूट गया, जबकि अरुण केवट के सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

### समाजसेवी शिवांश ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद समाजसेवी शिवांश सिंह राजपूत मौके पर पहुंचे और बिना देर किए दोनों घायलों को अपने निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों का कहना है कि स्थिति स्थिर होने के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए बड़े अस्पताल रेफर किया जा सकता है।

### दोनों युवक अमलाई पयारी गांव के है

घटना की सूचना मिलते ही फुनगा पुलिस चौकी प्रभारी सोने सिंह परस्ते भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायलों की स्थिति की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार दोनों युवक अमलाई पयारी गांव के निवासी हैं और आपस में दूर के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। वे अपने गांव से बदरा किसी काम से जा रहे थे, तभी कदमटोला के पास सड़क मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई।

### भूंडा कोना में बोलेरो पलटी, 4 गंभीर घायल



पवित्र नगरी अमरकंटक के समीप स्थित भूंडा कोना हनुमान मंदिर के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बोलेरो अमरकंटक से लालपुर विश्वविद्यालय की ओर जा रही थी। रास्ते में अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिसके कारण वाहन पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

#### ग्रामीणों ने घायलों को वाहन से बाहर निकाला

घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे का कारण तेज रफ्तार और सड़क की खराब स्थिति माना जा रहा है।

# मौसम के दो रंग : दिन में तपिश, रात में ठंडक

**अनूपपुर जिले में पारा 40 डिग्री पार, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी**



**अमरकंटक, नवभारत 18 अप्रैल।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में इन दिनों भीषण गर्मी का असर तेज़ी से बढ़ता जा रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आने वाले दिनों में इसके 41 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। गर्मी के कारण दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है और लोग आवश्यक कार्यों के अलावा घरों से बाहर निकलने से बच रहे हैं।

### धूप और उमस से लोग परेशान

इसी बीच जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थल अमरकंटक में मौसम के दो अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। मैकल पर्वतमालाओं के बीच स्थित इस हिल स्टेशन पर दिन के समय तेज धूप और उमस लोगों को परेशान कर रही है, वहीं रात होते ही तापमान में गिरावट आने से वातावरण में ठंडक घुल जाती है। यहां शुक्रवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

### वायु गुणवत्ता सूचकांक 74 दर्ज किया गया

मौसम के वर्तमान रुझान के अनुसार, सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक तेज धूप और गर्म हवाओं का प्रभाव बना रहता है। इसके बाद शाम 6 बजे से ठंडी हवाओं का दौर शुरू हो जाता है, जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों को राहत प्रदान करता है। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 74 दर्ज किया गया है, जो शुद्ध वातावरण की श्रेणी में आता है, जबकि आर्द्रता का स्तर 16 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया।

### नागरिकों को लू से बचाव के लिए दिशा निर्देश दिए

बढ़ते तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को लू (तापघात) से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि तेज धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो सकता है, जिससे लू लगने का खतरा बढ़ जाता है।

# सांदीपनि विद्यालय बदरा ने रचा इतिहास

**लगातार तीन वर्षों तक बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देकर अपनी उत्कृष्टता साबित की**




**कोतमा, नवभारत 18 अप्रैल।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की चुनौतियों के बीच अनूपपुर जिले के बदरा स्थित सांदीपनि विद्यालय ने एक नई मिसाल कायम की है। विद्यालय ने लगातार तीन वर्षों तक बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम देकर न सिर्फ अपनी उत्कृष्टता साबित की है, बल्कि पूरे जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है शैक्षणिक सत्र 2023-24, 2024-25 और 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परिणामों में विद्यालय का प्रदर्शन बेदाग रहा। इन तीनों वर्षों में एक भी छात्र-छात्रा अनुत्तीर्ण नहीं हुआ, जो विद्यालय के अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है।

### 2025-26 बना स्वर्णिम वर्ष

हाल ही में घोषित परिणामों में विद्यालय ने नई ऊंचाई हासिल की है। सत्र 2025-26 में सभी विद्यार्थियों ने न केवल परीक्षा उत्तीर्ण की, बल्कि प्रत्येक छात्र-छात्रा ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण परिवेश में यह उपलब्धि अत्यंत प्रेरणादायक मानी जा रही है।

### क्षेत्र में खुशी की लहर

विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर कलेक्टर हर्षल पंचोली, सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केके वर्मा, विद्यालय के प्राचार्य भार्गवेंद्र सिंह सहित शिक्षक व अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सांदीपनि विद्यालय बदरा की यह सफलता अन्य ग्रामीण विद्यालयों के लिए प्रेरणा बनेगी और शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगी।

### शहर की ऐतिहासिक जानकारी से लोगों को कर रहे जागरूक

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर जबलपुर में ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के 'स्टडी सर्किल' समूह की पहल सराहनीय बन रही है। यह समूह नियमित हेरिटेज वॉक के माध्यम से शहर के प्रमुख स्थलों—मदन महल किला, रानी दुर्गावती समाधि स्थल और चौसठ योगिनी मंदिर—की ऐतिहासिक जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक कर रहा है। समूह के सदस्य नवीन धनवार को ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में श्रेष्ठ शोध पत्र के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

# साधारण परिवार के रोहन जैन का यूपीएससी में चयन

**कोतमा आगमन पर किया गया स्वागत**



**कोतमा नवभारत 18 अप्रैल।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के अंतर्गत आने वाले कोतमा नगर के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले रोहन जैन का नगर आगमन पर किसी जननायक की तरह स्वागत किया गया।

एक साधारण जनरल स्टोर संचालक के पुत्र की इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। रोहन जैन के ट्रेन से पहुंचने की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में नगरवासी, व्यापारी, युवा और जैन समाज के लोग फूल-मालाएं और मिठाइयां लेकर स्टेशन पहुंच गए। जैसे ही रोहन ट्रेन से उतरे, पूरा स्टेशन परिसर जयकारों और ढोल-नगाड़ों की थाप से गूंज उठा।

### संघर्ष और सफलता की कहानी

रोहन की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और सादगी का परिणाम है। रोहन के पिता राजेश जैन नगर में एक छोटी सी जनरल स्टोर चलाते हैं और माता एक कुशल गृहिणी हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा कोतमा के इंग्लिश मीडियम स्कूल से 10वीं और उच्च माध्यमिक शिक्षा केंद्रीय विद्यालय जमुना से 11वीं-12वीं की पढ़ाई की। इसके बाद इंदौर और दिल्ली को अपना तैयारी का केंद्र बनाया।

### लक्ष्य अभी और भी ऊंचा है

इतनी बड़ी उपलब्धि के बाद भी रोहन के कदम थमे नहीं हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने साझा किया कि उनका लक्ष्य यूपीएससी की परीक्षा पुनः देकर और बेहतर रैंक व पद प्राप्त करना है। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि यदि संकल्प दृढ़ हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो संसाधनों की कमी कभी बाधा नहीं बनती।

## एक नजर में




### ग्राम पौड़ी में राहगीरों के लिए सार्वजनिक प्याऊ शुरू

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है और आम नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के निर्देश पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक प्याऊ स्थापित किए जा रहे हैं। इसी पहल के तहत जनपद जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत पौड़ी में राहगीरों और स्थानीय लोगों के लिए शीतल एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी के बीच यह प्याऊ लोगों के लिए राहत का बड़ा साधन बन रहा है, जहां दिनभर यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी जल स्रोतों की नियमित निगरानी हो और पानी की गुणवत्ता एवं स्वच्छता बनी रहे। संबंधित विभागों और निकायों को निर्देशित किया गया है कि वे पेयजल व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें।



### कलेक्ट्रेट कॉलोनी में मानव श्रृंखला बनाकर किया श्रमदान

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कॉलोनी में जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत एक बृहद स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कलेक्टर हर्षल पंचोली के मार्गदर्शन में हुए इस अभियान में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। अभियान की खास बात यह रही कि जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जन-जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही सभी ने सामूहिक श्रमदान करते हुए कॉलोनी परिसर में व्यापक साफ-सफाई की। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कमलेश पुरी, डिप्टी कलेक्टर प्राशी अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्वच्छता मित्र सक्रिय रूप से अभियान में शामिल हुए।

### प्रवीण का यूपीएससी में चयन, 781वीं रैंक हासिल की



**अनूपपुर, नवभारत।** एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के निवासी प्रवीण कुमार पटेल ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में 781वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से जमुना कॉलोनी सहित पूरे इलाके में खुशी और गर्व का माहौल है। प्रवीण कुमार, रामजपन पटेल के पुत्र हैं, जो एसईसीएल की आमाडांड खुली खदान परियोजना में इलेक्ट्रिक विभाग में फोरमैन के पद पर कार्यरत हैं। बेटे की सफलता पर परिवार के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दी हैं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। प्रवीण की प्रारंभिक शिक्षा भारत माता पब्लिक स्कूल कोतमा में हुई। इसके बाद उन्होंने कक्षा 6 से 10वीं तक केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलोनी में अध्ययन किया। उच्चतर माध्यमिक शिक्षा माइक्रो विजन हायर सेकेंडरी स्कूल बुरहानपुर से पूरी करने के बाद उन्होंने भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की।

**बीएमओ पर कार्यवाहीं के आश्वासन पर समाप्त हुआ जाम, दोनों ओर वाहनों लगी रहीं लंबी कतार**

# युवक की मौत पर बवाल, सड़क पर शव रख किया चकाजाम





**अनूपपुर नवभारत 18 अपैल।** जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में 30 वर्षीय युवक छोटे सिंह की मौत के बाद परिजनों ने रविवार शाम रीवा-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर जुहिला पुल के पास शव रखकर चकाजाम कर दिया।

परिजनों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घटना में जिम्मेदारों को निलंबिन एवं विकासखंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) को हटाने की मांग पर अडे है। इस घटना से दोनों दिशाओं में यातायात बाधित हो गया। मौके पर पहुंचे तहसीलदार को भीड़ ने यह कह कर जाने को कहा कि वरिष्ठ अधिकारी को भेजें।

### स्वास्थ्य विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

शाम 7 बजे जिले के वरिष्ठ चिकित्सक ने मौके पर पहुंच कर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया, जिसके बाद लगभग 3.5 घंटे के बाद जाम खत्म हुआ। परिजनों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के कारण छोटे सिंह की जान गई है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही नहीं चलेगी, जैसे नारे लगा रहे थे और इस अव्यवस्था के लिए दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

### करौंदा टोला में अचेत अवस्था में मिला था मृतक

घटना अमरकंटक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करौंदा टोला में सुबह पांच बजे 32 वर्षीय छोटे सिंह नेताम को गांव के लोगों ने सड़क किनारे अचेत अवस्था में पाया, जिसे परिजनों ने सुबह सात बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में भर्ती कराया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया और जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया, लेकिन एंबुलेंस नहीं दी गई, जब 108 में कॉल करने के बाद लगभग एक घंटे बाद एम्बुलेंस बुढार से आई तब जिला चिकित्सालय भेजा गया।

### जबलपुर ले जाते वक्त रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया

घायल को राजेंद्रग्राम मार्ग से जबलपुर ले जाया जा रहा था तब रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। इसके बाद उसे पुनः पुष्पराजगढ़ स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया, जिससे परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए और जाम लगा दिया। मौके पर पहुंची पुलिस एवं तहसीलदार ईश्वर प्रधान ने मृतक के परिजनों को स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की।

# चोलना छात्रावास परिसर में पार्टी जैसी गतिविधियां?

**वायरल वीडियो से उठे सवाल, बाहरी लोगों की होती है आवाजाही**



**अनूपपुर, नवभारत 18 अप्रैल।** आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास चोलना से जुड़ा एक वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में छात्रावास के भीतर लगे टीवी पर गाने और सोशल मीडिया रील्स चलती दिखाई दे रही हैं, जिससे छात्रावास की व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हुई है। जानकारी के अनुसार रात लगभग 10 बजे के बाद छात्रावास परिसर में गतिविधियां बढ़ने के दावे किए जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इस दौरान सीसीटीवी कैमरों का कनेक्शन बंद रहता है और बाहरी लोगों की आवाजाही भी होती है। वहीं, छात्रावास परिसर में गाने, रील्स और कथित तौर पर 'पार्टी जैसी गतिविधियों' के संचालन की बात सामने आ रही है। इन सभी दावों की पुष्टि प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकेगी।

### चौकीदार की भूमिका संदिग्ध

मामले में छात्रावास के चौकीदार जितेंद्र केवट की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। उन्हें अधीक्षक का रिश्तेदार बताया जा रहा है। आरोप है कि रात्रि के समय निगरानी व्यवस्था कमजोर रहती है, हालांकि इस संबंध में भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि छात्रों की पढ़ाई के लिए उपलब्ध कराए गए स्मार्ट टीवी का उपयोग यदि अन्य गतिविधियों में किया जा रहा है, तो यह न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ माना जा रहा है।

भ्रष्टाचार | सरपंच-सचिव की 'निजी जागीर' बनी ग्राम पंचायत, कागजों पर लहलहाया चारागाह

# महाघोटाला : बेजुबान गौमाता का निवाला निगल गए 'इंसानी लोभी'

**जमुना कोतमा नवभारत 18 अप्रैल।** प्यारी क्रमांक 1 हमारी संस्कृति में जिस गौमाता को 'नमो देवैः' कहकर पूजा जाता है, आज उसी के चारे पर भ्रष्टाचार का काला साया मंडरा रहा है।

ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1 अब पंचायती राज का हिस्सा नहीं, बल्कि सरपंच और सचिव की 'निजी जागीर' बन चुकी है। यहां विकास के पैसों के साथ-साथ बेजुबानों के हक पर भी ऐसा निर्मम डाका डाला गया है, जिसे सुनकर किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की रूह कांप जाए। अंधेरगर्दी इस कदर हावी है कि नियमों की खुलेआम चिता जलाई जा रही है और प्रशासन इस महापाप का तमाशबीन बना हुआ है।

### प्रशासन ने फाइलों में तो हरी-भरी घास उगा दी

सिद्धबाबा प्यारी में एक ऐसा अक्षम्य 'पाप' हुआ है जहां प्रशासन ने फाइलों में तो हरी-भरी घास उगा दी, लेकिन हकीकत में बेजुबान गायें आज भी चारे के एक-एक तिनके के लिए तरस रही हैं। सरकार ने 4,32,180 रुपये की भारी-भरकम राशि इसलिए मंजूर की थी ताकि गौशाला के आसपास चारागाह विकसित हो सके। मकसद पवित्र था—गौमाता को भूखा नहीं रहना पड़े, लेकिन पंचायत के भ्रष्ट नुमाइंदों ने उस राशि को अपनी विलासिता का साधन बना लिया।

### नियमों की उडाई जा रहीं धज्जियां

गौमाता का हक मारने के साथ-साथ यहां सरकारी नियमों को भी सरेआम ताक पर रख दिया गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्माण और सामान्य प्रशासन जैसी स्थायी समितियां सिर्फ कागजों का कचरा बनकर रह गई हैं।




### कुछ लोग अपनी जेबें भर रहे हैं

प्यारी क्रमांक 1 में सरपंच खुद को ही 'सरकार' मान बैठे हैं। बिना ग्राम पंचायत के बैठक या सामान्य सभा की बैठक बुलाए ही 5वें वित्त आयोग की सरकारी राशि का अंधाधुंध आहरण किया जा रहा है। सरकार ने किसी भी सरपंच को यह एकाधिकार नहीं दिया है कि वह अपनी मर्जी से तय करे कि कौन सा काम होगा। जब पंचायत की बिना बैठक के 5वें वित्त का पैसा निकाला जा रहा है, तो यह सीधा और निर्लज्ज 'भ्रष्टाचार' है, जहां कुछ लोग सिर्फ अपनी जेबें भर रहे हैं।

### जांच अधिकारी यूजीन टोप्पो की बाजीगरी

सबसे शर्मनाक बात यह है कि इस सरेआम लूट की जानकारी होने के बावजूद, प्रशासन अंधा और तंत्र गूंगा बना हुआ है। जांच अधिकारी यूजीन टोप्पो सीएम हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण व्यवस्था का खुला मखौल उड़ाते हैं। टोप्पो न तो शिकायतकर्ता को बुलाते हैं, न समस्या पूछते हैं, और न ही मौके पर जाते हैं। वे वातानुकूलित ऑफिस में बैठकर सरपंच और सचिव के अवैध कारनामों पर पर्दा डालने के लिए मनगढ़ंत कहानियां बनाते हैं और पोर्टल पर फर्जी प्रतिवेदन अपलोड कर देते हैं।

**इनका कहना है**

मैं भी स्थाई समिति का सदस्य हूं, लेकिन पूरे 4 साल एक भी बैठक नहीं हुई।

**राजू चौधरी**
**पंच, प्यारी क्रमांक 1**